सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-441**
17/09/2017

मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की

पटना 17 सितम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर राज्य परिवहन मुख्यालय, पटना में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा, सचिवालय प्रांगण में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा और पटना हवाई अड्डा स्थित स्टेट हैंगर में स्थापित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर समस्त राज्यवासियों को शुभकामनायें एवं बधाई दी।

इस अवसर पर सांसद श्री आर0सी0पी0 सिंह, विधानपार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, जिलाधिकारी पटना श्री संजय कुमार अग्रवाल, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री मनु महाराज सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******